तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 12 जून 2025



14 लाखों की लागत से निर्मित बिरेझर ग्राम पंचायत का ...



12 खुशनुमा हुआ मौसम, मैत्रीबाग में बढ़ी ...




## NEET/JEE के लिए भिलाई सुपर 30 में प्रवेश प्रारंभ-आनंद कुमार

जो छात्र NEET व JEE की तैयारी करना चाहते है उनके लिए एक सुनहरा अवसर है कि सुपर 30 भिलाई में नामांकन टेस्ट प्रारंभ हो गया है। इसमें 30 छात्रों को निःशुल्क NEET व JEE की तैयारी करवाया जाएगा, जिसका चयन प्रक्रिया ऑनलाईन व ऑफ लाइन परिक्षा के माध्यम से होगा। 30 चयनित छात्रों को आनंद कुमार के मार्गदर्शन में NEET व JEE का तैयारी करवाया जाएगा इसमें IITians डॉक्टर व एक्सपर्ट शिक्षकों के द्वारा पढ़ाया जाएगा, जिसमें 6 घंटो का क्लास प्रत्येक रविवार को NEET व JEE पर आधारित टेस्ट लिया जाएगा।

दिसंबर से सप्ताह में 3 टेस्ट व अप्रैल में प्रत्येक दिन टेस्ट लिया जाएगा। पिछले वर्ष 30 छात्रों में से 16 छात्रों का चयन हुआ, इस वर्ष 22 से अधिक छात्रों का चयनित होने की संभावना है। यह संस्था पूरे



भारतवर्ष में एकलौती संस्था है। एक नही तीन बार शत प्रतिशत छात्र चयनित हुए है। इसमें सभी वर्ग के लोग आवेदन कर सकते है। यह परिक्षा 12 व 13 जून को ऑनलाईन व ऑफलाइन होगा व परिणाम 14 जून को घोषित होगा।

इस तैयारी का मुख्य उद्देश्य ऐसे छात्रो का चयन करवाना है जो पैसो के आभाव में डॉक्टर व इंजीनियर बनने का अपना सपना पूरा नही कर पाते। यह एक समाजिक पहल है, जो छत्तीसगढ़ वासियों के लिए वरदान साबित होगा, क्योंकि सुपर 30 से कई बार पूरे के पूरे छात्र चयनित हुए है। अब आनंद सर के मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ वासियों को यह सुविधा मिल रहा है **अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं. 9243226707, 9202581591, 7415295273 पर संपर्क कर सकते हैं।**

ADVT.


## खबर संक्षेप

### ग्राम खुर्सीपार में करंट से युवक की हुई मौत

**बालोद।** ग्राम खुर्सीपार मे 23 वर्षीय युवक खेत की साफ सफाई करने के पश्चात खेत मे लगे बोर मे नहाने के बाद पास मे लगे खाली वायर मे कपड़ा सुखा रहा था, इस दौरान युवक का करंट लगा जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान रूपनारायण द्ववेदी के रूप मे हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक अपने खेत मे लगे बोर की स्थिति देखने गया था। इस दौरान उसने गीले कपड़े को सुखाने के लिए एक तार पर डालने की कोशिश की। उसी वक्त वह करंट की चपेट मे आ गयां, बताया जा रहा है कि युवक को उस तार मे करंट होने की जानकारी नही थी। हादसा इतना गंभीर था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनो और ग्रामीणो मे शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर बालोद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्डम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्डम के बाद शव को परिजनो को सौप दिया गया। आगे की जांच मे पुलिस जुटी हुई है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की हुई मौत

**बालोद।** दशगात्र कार्यक्रम मे सम्मिलित होकर वापस अपने घर जा रहे युवक को मार्ग मे अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी जिससे युवक की ईलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मचांदुर निवासी निमेस पटेल (28) ग्राम तवेरा मे परिवारिक कार्यक्रम के तहत दशगात्र कार्यक्रम मे गए हुए थे, जहां से वे सम्मिलित होकर वापस अपने घर आ रहे थे, इसी दौरान वे बाईक के माध्यम से ग्राम तवेरा के पास पहुंचे थे कि ग्राम तवेरा के कोसा नाला के पास एक अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दी, जिससे बाईक सवार ग्राम मंचादुर निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए और वही रास्ते मे अज्ञात वाहन की ठोकर से गिरकर बेहोश हो गए जहां जब आस पास के लोगो द्वारा उन्हे पास के अस्पताल पहुंचाया गया तो डॉक्टरो ने ईलाज के बाद उनको मृत घोशित कर दिया। जहां अस्पताल मे परिजनो के पहुंचने के बाद शव का पोर्टमार्डम कर शव परिजनो को सौप दिया गया। वही अज्ञात वाहने के खिलाफ रनचिरई थाने मे रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश मे पुलिस जुटी हुई है।

### दो बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल

**बालोद।** बाईक के माध्यम से मीना बाजार देखने जा रहे तीन लोगो को एक अन्य बाईक ने टक्कर मार दी जिसमे तीन लोग घायल हो गए, जिन्हे जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जहा घायलो का ईलाज जारी है। वही बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एनएच 930 झलमला बालोद मार्ग पर गंजपारा मे दो बाईक मे टक्कर होने से चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद जाम की स्थिति बनने से लोगो को आने जाने मे परेशानी हुई। जवाहरपारा बालोद निवासी घायल कन्हैया मण्डावी के पुत्र करण मण्डावी ने बताया कि सोमवार को रात एक्सीडेंट की जानकारी मिलने पर पहुंचा तो पिता कन्हैया मण्डावी, मौसी कविता एवं महे"वरी घायल अवस्था मे मिले। पिता ने जानकारी दी कि बाईक से कविता, माहे"वरी के साथ मीना बाजार जा रहे थे। रोड से झलमला बालोद मार्ग पर पहुंचे थे। इस दौरान बालोद से शेष पेज 13 पर

## आईपीएल सेमीफाइनल में भोथली के कीर्तन की आनलाइन टीम को जीत पर मिले 4 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

गुरूर ब्लॉक के भोथली गांव के रहने वाले गरीब किसान परिवार अंकालु राम साहू के बेटे कीर्तन कुमार साहू ने आईपीएल के सेमीफाइनल में ऑनलाइन माध्यम से टीम बनाकर करीब 4 करोड़ रूपये जीते, 30 प्रतिशत टैक्स की राशि कटकर शेष राशि प्राप्त करने का दावा युवक ने किया है।

जिसके बाद उनके परिवार के साथ गांव मे ही हर्ष का महौल है। जिले मे यह शायद पहला मौका है जब किसी व्यक्ति ने ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से जीत हासिलकर करोड़ों रुपए कमाए हैं। जानकारी के अनुसार उन्होंने 39 रुपए लगाकर देश के सबसे बड़े क्रिकेट लीग आईपीएल के सेमीफाइनल मैच में अपनी टीम बनाई थी। इसमे उसे 4 करोड़ रुपए की इनामी राशि जीतने की बात सामने आई है। युवक के इस सफलता से गांव में हर्ष का माहौल है। कीर्तन ग्राम मे ही ग्रामीणों का आन लाईन आवेदन भरने व अन्य आन लाईन काम करता है। कीर्तन ने बताया कि वे बीते दो वर्षो से ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर मेहनत कर रहे थे। उन्होंने कई बार असफलताएं भी देखीं, लेकिन हार नहीं मानी। 4 करोड़ की राशि जीतने के बाद कीर्तन ने बताया कि वह इस पैसे से खुद का व्यापार शुरू करना चाहता है। उनका कहना है कि यह मेहनत से कमाया गया पैसा है, जिसे वह सोच–समझकर उपयोग में लाएगा।

### 39 रुपए लगाकर आईपीएल के सेमीफाइनल मैच में अपनी टीम बनाई और मिली सफलता



### यूट्यूब से ऑनलाइन गेम सीखा

बताते है कि कीर्तन ने यूट्यूब से ऑनलाइन गेमिंग के गुण सीखे। क्रिकेट के प्रति गहरी रुचि और लगातार अभ्यास के चलते उन्होंने हर मैच में अपनी समझ का इस्तेमाल करते हुए टीम बनाई। आखिरकार सेमीफाइनल में उन्होंने परफेक्ट टीम बनाकर पहला स्थान प्राप्त किया। आईपीएल के सेमीफाइनल में मुंबई व पंजाब के मुकाबले में कीर्तन ने अपनी रणनीति से कप्तान और उपकप्तान चुनकर टीम तैयार की। अगले दिन जब उन्होंने मोबाइल देखा तो उन्हें यह जानकारी मिली कि उन्होंने प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल कर लिया है। शुरुआत में उन्हें यकीन नहीं हुआ, लेकिन गेमिंग कंपनी की ओर से फोन आने और पैसे खाते में ट्रांसफर होने के बाद वि"वास हुआ।

### पालकों, जनप्रतिनिधियों और स्कूल प्रबंधन समितियों का सहयोग भी उल्लेखनीय

## युक्तियुक्तकरण से शिक्षा व्यवस्था को मिली संजीवनी और 123 शालाओं में लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा/बालोद

दल्लीराजहरा क्षेत्र के भी कई ऐसे गांव थे जहां स्कूल तो वर्षों से संचालित हो रहे थे, लेकिन शिक्षक की अनुपस्थिति से वहां केवल नाममात्र की पढ़ाई हो पाती थी। अब शिक्षक की उपस्थिति ने न केवल बच्चों को बल्कि पूरे गांव को शिक्षित भविष्य की ओर अग्रसर कर दिया है। इस प्रक्रिया से ग्रामीणों में भी सरकार के प्रति विश्वास और संतोष की भावना विकसित हुई है। ग्रामीणों ने कहा कि वर्षों से स्कूलों में शिक्षक नहीं होने के कारण कई बार बच्चों को दूरस्थ क्षेत्रों में पढ़ने जाना पड़ता था, जिससे वे शिक्षा से वंचित रह जाते थे या पढ़ाई बीच में ही छोड़ देते थे।अब जब युक्तियुक्तकरण के माध्यम से योग्य शिक्षकों की नियुक्ति स्थानीय स्तर पर हो रही है, तो यह न केवल बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की ओर इशारा करता है, बल्कि ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था में एक क्रांतिकारी सुधार की तरह देखा जा रहा है।

### वर्षों से लंबित मांग पूरी

अधिकारियों के अनुसार, जिन 123 एकल शिक्षकीय शालाओं में वर्षों से शिक्षकों की मांग लंबित थी, वहां अब अतिरिक्त शिक्षकों की काउंसलिंग के जरिए नियुक्ति सुनिश्चित की गई है। इससे अब कोई भी स्कूल शिक्षकविहीन नहीं रह गया है। यह केवल व्यवस्था में सुधार नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक क्रांति है जहां शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए शासन ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि हर बच्चा पढ़ेगा, हर गांव शिक्षित होगा। इस बदलाव के बाद न केवल बच्चों की उपस्थिति स्कूलों में बढ़ी है, बल्कि स्थानीय स्तर पर पालकों, जनप्रतिनिधियों और स्कूल प्रबंधन समितियों का सहयोग भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है।



### पालकों की चिंता हुई दूर

शिक्षा विभाग के अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में कई ऐसे प्राथमिक और माध्यमिक शालाएं थीं जो या तो बिना शिक्षक के चल रही थीं या मात्र एक शिक्षक के सहारे पूरे स्कूल की जिम्मेदारी निभा रही थीं। इससे बच्चों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा था। पालक भी चिंतित रहते थे कि उनके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। इसी गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को तेज गति से लागू किया। इस प्रक्रिया के अंतर्गत जिन स्कूलों में शिक्षक अधिक थे या आवश्यकता से अधिक स्टाफ था, वहां से शिक्षकों का समायोजन कर उन स्कूलों में भेजा गया जहाँ शिक्षक की सख्त जरूरत थी।

### शैक्षिक गतिविधियों की गुणवत्ता में सुधार

अब शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, कक्षा संचालन, और शैक्षिक गतिविधियों की गुणवत्ता में सुधार देखने को मिल रहा है। शासन की यह पहल आने वाले समय में दल्लीराजहरा क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की ओर एक बड़ा कदम साबित होगी। दल्लीराजहरा क्षेत्र सहित संपूर्ण ग्रामीण अंचलों में वर्षों से शिक्षा व्यवस्था के सामने सबसे बड़ी चुनौती शिक्षक की अनुपलब्धता रही है। स्कूल भवन तो थे, लेकिन शिक्षक नहीं। बच्चों की आंखों में सपने थे, लेकिन उन्हें दिशा देने वाला कोई नहीं था। अब इस स्थिति में एक बड़ा बदलाव आया है। राज्य शासन द्वारा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और संतुलित बनाने के लिए चलाए जा रहे युक्तियुक्तकरण अभियान ने दल्लीराजहरा सहित पूरे जिले में एक नई उम्मीद जगाई है। जिले के 20 ऐसे स्कूल, जहां एक भी शिक्षक पदस्थ नहीं थे, अब वहां पर नियमित रूप से शिक्षक पदस्थ किए जा चुके हैं। साथ ही, 123 एकल शिक्षकीय स्कूलों में भी शिक्षकों की पूर्ति की गई है। यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि उन हजारों बच्चों की मुस्कान है जो अब अपने गांव में ही शिक्षा की लौ जलती देख पा रहे हैं।



### युक्तियुक्तकरण में की लापरवाही बीईओ जय सिंह तत्काल सस्पेंड

दल्लीराजहरा। शिक्षक युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में भारी लापरवाही बरतना एक विकासखंड शिक्षा अधिकारी (**BEO**) को महंगा पड़ गया। डौंडी ब्लॉक के बीईओ जयसिंह भारद्वाज को संभाग आयुक्त सत्य नारायण राठौर ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (व्यवहार) नियम 1966 के तहत की गई है। शिक्षा विभाग के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के दौरान नियमों की अनदेखी, शिक्षक पदस्थापना में पारदर्शिता की कमी और प्राथमिक विद्यालयों में रिक्त पदों की अनदेखी को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए आयुक्त ने स्वतः संज्ञान लेते हुए यह कड़ा निर्णय लिया।

### क्या है पूरा मामला?

डौंडी ब्लॉक में शिक्षकों की पुनर्संरचना यानी युक्तियुक्तकरण के तहत 20 से अधिक विद्यालयों को प्रभावित किया गया। शिकायतों में यह बात सामने आई कि प्रभावित स्कूलों में जरूरत के अनुसार शिक्षक नहीं भेजे गए, जबकि कुछ जगहों पर बिना आवश्यकता के पदस्थापना की गई। इससे शैक्षणिक व्यवस्था चरमरा गई। **निलंबन के साथ शुरू होगी विभागीय जांचः** आयुक्त राठौर ने निलंबन आदेश में स्पष्ट किया है कि जयसिंह भारद्वाज के विरुद्ध विभागीय जांच भी प्रारंभ की जाएगी। जब तक जांच पूरी नहीं होती, वे कार्यालय से अनुपस्थित रहेंगे तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। यह कार्रवाई विभागीय अधिकारियों के लिए सख्त चेतावनी मानी जा रही है। सूत्रों की मानें तो आने वाले समय में शिक्षा विभाग में और भी अधिकारियों पर गाज गिर सकती है जो युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में गड़बड़ियों में शेष पेज 13 पर

## दुष्कर्म और मानव तस्करी का फरार आरोपी 4 साल बाद यूपी से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा/बालोद

जिला पुलिस ने चार वर्षों से फरार चल रहे एक गंभीर अपराधी को उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले से गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस की सटीक योजना, सतर्कता और अपराध के प्रति कठोर रवैये का परिणाम है।



फरार आरोपियों के मामलों की लगातार समीक्षा की जा रही थी और गिरफ्तारी के निर्देश जारी किए जा रहे थे। इसी क्रम में थाना बालोद में दर्ज अपराध क्रमांक 354/2021, जिसमें धारा 363, 366, 370, 376, 34 भादंवि तथा 4, 5, 6 पोक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज था, का एक आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था।

पूर्व में भी पुलिस टीम को ललितपुर, उत्तर प्रदेश में दबिश देने भेजा गया था, लेकिन आरोपी लगातार नाम बदलकर भाग रहा था। दोबारा गठित विशेष टीम ने एसडीओपी बालोद के नेतृत्व में ललितपुर पहुंचकर जमीनी स्तर पर सूचना एकत्र की। वहां यह पता चला कि आरोपी दीपक नाम से रह रहा था, जबकि उसका असली नाम इकसर उर्फ इकर खान पिता आजाद है, उम्र 35 वर्ष, निवासी उत्तमधामा, थाना जाखलौन, जिला ललितपुर।

स्थानीय थाने के सहयोग से उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने नाबालिग पीड़िता से परिचय, बलात्कार और बेचने में सहयोग करना स्वीकार किया। अपराध स्वीकारने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर बालोद लाया गया और न्यायालय में प्रस्तुत कर रिमांड पर भेजा गया।

इस कार्रवाई में पुलिस टीम की अहम भूमिका रहीः एसडीओपी बालोद –देवांश सिंह राठौर थाना प्रभारी बालोद –रविशंकर पांडे सहायक उप निरीक्षक –धरम भूआर्य प्रधान आरक्षक–योगेश सिंहा, दुर्योधन यादव, आरक्षक – भोप साहू, विपिन गुप्ता यह कार्रवाई पुलिस की सतर्कता और टीम भावना का परिचायक है।

## धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए स्वास्थ्य कर्मचारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

संवैधानिक अधिकारों के लिए 11जून को राज्य व्यापी विशाल धरना प्रदर्शन तूता राजधानी रायपुर में स्वास्थ्य विभाग बालोद से संजय नंदा के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन में शामिल होने हेतु सैकड़ो की संख्या में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी वाजिब मांगों के समर्थन में आंदोलन में अपनी सहभागिता निभाई गई जिसमें 9 सुत्रीय में मांगों को लेकर प्रदेश भर के स्वास्थ्य कर्मचारियों के द्वारा तूता रायपुर में आंदोलन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के एसटी एससी वर्ग के सामाजिक एवं कर्मचारी संवर्ग अधिका-अधिक संख्या में उपस्थित हुए और आंदोलन को सफल बनाया।

### 150 मछुआरा परिवार की रोजी-रोटी पर संकट के बादल गहरा रहे

## तांदुला में निर्माण से मछुआरों की मुसीबत बढ़ी तब कलेक्टर को संघ ने सौंपा ज्ञापन

### रिसोर्ट, पिकनिक स्पॉट और बोटिंग गतिविधियां के बढ़ने से मछुआरों का जीवन दूभर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

तांदुला जलाशय मे मतस्य खेट कर मतस्य व्यवसाय के माध्यम से रोजगार व अपने परिवार का रोजी रोटी चलाने वाले मछुआरा परिवार पर इन दिनो तांदुला मे चल रहे विभिन्न निर्माण व रिसोर्ट के चलते मतस्य आखेट के साथ रोजी मजदूरी मे हो रहे दिक्कतो को देखते हुए मछुआरा संघ ने जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर बालोद को ज्ञापन सौपा है।

मछुआरा संघ ने ज्ञापन मे कहा है कि तांदुला जलाशय के आस पास करीब 150 परिवार रहते है, जिनकी जीविका का प्रमुख साधन मछली पालन और विक्रय है, लेकिन पिछले दो वर्शो से जलाशय क्षेत्र मे रिसोर्ट,



पिकनिक स्पॉट और बोटिंग की गतिविधियां के बढ़ने से मछुआरो का जीवन दूभर हो गया है। मछुआरो का आरोप है कि जलाशय तक पहुंचने वाले रास्तो को कंटीले तारो से बंद कर दिया गया है। यहां तक कि सुखा डेम क्षेत्र, जो मछली पकड़ने और निकासी का प्रमुख स्थान है वहां भी जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह क्षेत्र चारो ओर से जंगल से घिरा हुआ है और जंगली जानवरो के खतरे के चलते वैकल्पिक रास्ते से आना जाना संभव नही है। मछुआ समुदाय की मांग है कि पिकनिक स्पॉट वाले मार्ग पर लगे कंटीले तार हटाए जाए और तौल सेंटर तक पहुंच के लिए एक स्वतंत्र रास्ता प्रदान किया जाए। मछुआरो का कहना है कि रिसोर्ट व बोटिंग संचालको की मनमानी पर अंकुश लगाया जाए और मछुआ समुदाय को आर्थिक क्षति से बचाया जाए। सदस्यो ने कहा कि उनकी रोजी रोजी इस जलाशय से जुड़ी हुई है, अगर यही रास्ता बंद कर दिया गया तो जीवकोपार्जन मुश्किल होगा। मछुआरो ने प्रशासन से निवेदन है किया है कि हमे फिर से वही रास्ता दिया जाए जिससे हम मछली पकड़कर बेच सके।

## खबर संक्षेप



### सेल को आर्थिक ऑपरेटर-टियर-II की मान्यता

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय ने अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर - टियर-II की मान्यता प्रदान की है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा शुरू किया गया एईओ कार्यक्रम, वैश्विक व्यापार को सुगम बनाने और एक सुरक्षित व्यापारिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह उन कंपनियों को लाभ प्रदान करता है । सेल के कार्यकारी निदेशक ने सीमा शुल्क निदेशालय, दिल्ली के प्रधान आयुक्त से यह प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इस प्रमाणन से सेल को कई फायदे मिलेंगे, जिनमें बेहतर आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा, अंतर्राष्ट्रीय मान्यता, ज्ञान साझा करने के अवसर और नेटवर्किंग के लाभ शामिल हैं। यह सेल को प्रतिस्पर्धी बढ़त भी प्रदान करेगा।

### मौसमी ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 93.5 अंक हासिल किया

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ बोर्ड से दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गोढ़ी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा मौसमी पाल ने 93.5 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। जिसे लेकर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने मौसमी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



गोढ़ी के सरकारी स्कूल में पढ़ते हुए मौसमी ने दसवीं कक्षा में 93.5 प्रतिशत अंक हासिल किया है। दुर्ग जिले की शिक्षा व्यवस्था पर चार चाँद लगा दिया। मौसमी के पिता दिनेश कुमार पाल भी अपनी बेटी की उपलब्धि का श्रेय जिले की शिक्षा व्यवस्था को दी है।

### बिजली पोल से दुर्घटना का अंदेशा



**भिलाई।** मैत्रीबाग रोड में ओए बिल्डिंग मोड़ के निकट एक अनियंत्रित वाहन ने एक बिजली पोल को ठोकर मार दी। इससे पोल एक तरफ मुड़ गया है और बिजली के तार भी झुक गये हैं। इसके चलते कभी भी बिजली अवरोध के साथ दुर्घटना हो सकती है। इस व्यस्ततम मड़ौदा सेक्टर रोड पर दिनभर आवाजाही होती रहती है। क्षेत्रवासियों ने बिजली विभाग से जल्द क्षतिग्रस्त पोल को ठीक किए जाने की मांग की है।

### सेक्टर 4 में जहरीला नाग देख सहमे लोग



**भिलाई।** बेमौसम बारिश के दस्तक देते ही टाउनशिप में सांपों के घरों में घुसने की घटनाएं बढ़ गई हैं। सेक्टर 4 में आज एक जहरीला नाग देख लोग सहम गए। करीब आधा घंटा बाद सांप को पकड़ने में मदद मिली। इस दौरान लोगों की भीड़ लगी रही। आज शाम करीब चार बजे सेक्टर 4- क्वार्टर 7- बी में अचानक एक सांप दिखाई देने से रहवासियों सहित आसपास के लोगों में डर का मौहाल रहा। घर के बाहर किचन गार्डन में जहरीला नाग एक मेंढक को मुंह में दबाए विचर रहा था। पहले घर वालों ने इसे सर्प को लंबा होने के कारण असोढ़िया सांप समझा और भगाने के लिए पानी डालने लगे। सर्प के फन उठाकर फुफकारने और विष उगलने से घरवालों को इसके जहरीला नाग होने का अंदाज लगा। इसके बाद सांप पकड़ने वाले राजेश महादेव को रेस्क्यू करने के लिए बुलाया गया। दस मिनट तक छकाने के बाद सर्प को पकड़कर बोरी में बंद कर निर्जन इलाके में सुरक्षित छोड़ दिया गया। गौरतलब हो कि दो दिन पूर्व भी सेक्टर 7 में एक जहरीले सांप को पकड़ा गया था।

# खुशनुमा हुआ मौसम, मैत्रीबाग में बढ़ी पर्यटकों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

## पक्षियों और जानवरों की भी बढ़ी उछलकूद, पर्यटक ले रहे सेल्फी

मैत्रीबाग में चिड़ियाघर में उछलकूद करते खरगोशों के साथ सफेद चूहे गिनपिग पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। यहां दर्जनभर खरगोश और सफेद चूहे हैं। बच्चे करीब से देख रोमांचित होकर मोबाइल से सेल्फी लेते रहते हैं। मौसम के खुशनुमा होते ही जू में सैलानियों की रौनक बढ़ गई है। भीषण गर्मी में अपने कैज में दुबके रहने वाले कई वन्य प्राणियों को चपलता बढ़ गई है।

खुशनुमा मौसम ने मैत्रीबाग में सैलानियों की आमद बढ़ा दी है। सर्द मौसम से यहां पक्षियों की चहचहाहट बढ़ने के साथ जानवरों की भी उछलकूद बढ़ने से पर्यटक रोमांचित हैं। खासकर बच्चे इन्हें देखकर खासे खुश दिखाई दिए। बड्र्स काम्पेक्स में अपने अलग अलग कैज में उछलकूद करते खरगोशों और सफेद चूहों को देख छोटे बच्चे मोबाइल से फोटोग्राफी व सेल्फी भी लेते रहे। इनके अलावा ग्रामीणों द्वारा पकड़क लाया गया कबरबिज्जू भी आकर्षण का केंद्र बना रहा। मौसम सर्द होते ही पूरा बड्र्स काम्पलेक्स परिंदों के कलरव से गुलजार है। यहां लव बड्र्स, पांच उल्लू, बाज, मोर, सारस, व तोते आदि कई प्रजाति के पक्षी हैं।





### हिरणों की चौकड़ी से बच्चे रोमांचित

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में मौसम बदलते ही गर्मी में बैचैन दिखाई देने वाले हिरणों, सांभरों और वाइट टाइगर आदि जानवरों की भी उछल कूद दिखाई देने लगी है। ठंडे मौसम व फुहारों का लुत्फ उठाते हुए हिरणों को झुंडों में चौकड़ी भरते देख पर्यटक रोमांचित हो रहे हैं। यहां सौ से अधिक हिरण हैं। पर्यटकों ने बताया कि हिरणों को इतना तेज भागते जंगल में ही देखा है। इनके अलावा वाइट टाइगरों को भी धमाचौकड़ी करते देख बच्चे खुश हैं।

## औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों को बीएसपी से नहीं मिल रहा पर्याप्त आर्डर

# स्थानीय इंडस्ट्रीज पर भारी पड़ रही बाहरी उद्योगों की मोनोपली

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

### कई उद्योग हुए बंद कई बदहाली का कर रहे सामना

शहर के साथ प्रदेश और देश के विकास में महती योगदान देने वाला प्रदेश का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र भिलाई वर्षों से उपेक्षा का दंश झेल रहा है। एक ओर लघु और सहायक उद्योगों को आर्थिक बदहाली का सामना करना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर उद्यमी व श्रमिक बस्तियों को के लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। इस मामले में सरकार सहित जिम्मेदार एजेंसियां उदासीन बनी हुई हैं।

उल्लेखनीय है कि औद्योगिक में तीन सौ से अधिक लघु, मध्यम और सहायक उद्योग स्थित हैं। इनके अलावा कई हैवी इंडस्ट्रीज भी हैं। 1960 में भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के बाद औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया गया था। सहायक उद्योग भिलाई इस्पात संयंत्र के आर्डर यानी इंक्वायरी पर निर्भर हैं। विभिन्न ट्रेडों के यह उद्योग बीएसपी से आर्डर मिलने के बाद उसके लिए कल पुर्जे, उपकरण व पार्ट्स आदि बनाकर सप्लाई करते हैं। लेकिन पिछले कई साल से पर्याप्त आर्डर नहीं मिलने से अधिकतर सहायक,छोटे, मध्यम व छोटे उद्योग बदहाली के दौर से गुजर रहे हैं। बाहर की बड़ी कंपनियों का बीएसपी के आर्डर पर वर्चस्व होने के कारण स्थानीय उद्योगों को पर्याप्त आर्डर नहीं मिलने से कई उद्योग बंद हो चुके हैं और कई बंद होने की कगार पर हैं। उद्यमियों के मुताबिक क्षमता के अनुरुप इंक्वायरी नहीं मिलने से उद्योग चलाना मुश्किल होता जा रहा है और वर्कर्स को सुविधाएं व अन्य देनदारियां पूरी नहीं कर पा रहे हैं। प्रबंधन को बिना किसी भेदभाव के सभी उद्योगों को समय पर आर्डर व भुगतान किए जाने की जरुरत है।



### टैक्स व लोन में भी बढ़ रही दिक्कतें

औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों को एक तरफ तो बाहर की कंपनियों की मोनोपली के चलते काम की किल्लत से जूझना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर उद्योग विभाग व राज्य सरकार की उपेक्षा भी भारी पड़ रही है। महंगाई बढ़ने से कच्चे माल व लागत बढ़ने के बाद भी टैक्सेसे में रियायत नहीं मिल रही है। कई छोटे उद्योंगों को बैंकों के लोन लेने और फिर अदा करने में पसीना छूट रहा है। राज्य व केंद्र सरकार की उद्योग नीति का जमीनी फायदा उद्यमियों को पूरी तरह नहीं मिल पा रहा है। उदमियों के के मुताबिक उद्योगों के शहर व राज्य के विकास में योगदान के साथ हमारी परेशानियों को देखते हुए सुविधाएं मिलनी चाहिए।

### बुनियादी सुविधाओं के लिए भी तरसा स्लम

औद्योगिक क्षेत्र में तीन सौ से अधिक लघु, मध्यम व छोटे उद्योग हैं। पिछले दो तीन दशकों के दौरान बदहाली के चलते कई उद्योग बंद हो चुके हैं और कई काम नहीं होने की समस्या से जूझ रहे हैं। वहीं कई उद्योगों ने अपने ट्रेड भी बदल लिये हैं। उद्योगों की बदहाली के अलावा औद्योगिक क्षेत्र बुनियादी सुविधाओं के लिए भी तरस रहा है। हथखोज रोड और छावनी जामुल रोड के अलावा अंदर की अधिकतर सड़के जर्जर हैं। बारिश में आवाजाही मुश्किल और गाड़ियां फंसती रहती हैं। पेयजल, सफाई और के साथ छावनी, एसीसी और ट्रांसपोर्टनगर के पीछे श्रमिक बस्तियां स्ट्रीट लाइटें खराब होने से अंधेरे में डूबी हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया धूल, धुएं और डस्ट से यहां रहवान मुश्किल हो रहा है।

## केदारनाथ यात्रा के लिए निकले युवक की मौत, एयर प्लेन से पहुंचेगा शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

केदारनाथ उत्तराखंड के लिए निकले युवक की मौत हो गई। घटना 9 जून की बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक जवाहर नगर दुर्ग निवासी जीएसटी कार्यालय में सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदस्थ विजय सिंह भारद्वाज 34 वर्ष अपने दोस्तों के साथ केदारनाथ के लिए निकले थे। इस दौरान 9 जून को बाबा के दर्शन के बाद अचानक विजय सिंह की तबियत बिगड़ गई। जिसे तुरंत उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में पहुंचाया गया। लेकिन डॉक्टर ने चेक कर मृत घोषित कर दिया। विजय सिंह का शव मंगलवार देर रात एयर प्लेन से दुर्ग पहुंचेगा। वे बालोद के ट्रेजरी आफसर मुकुंद सिंह भारद्वाज के पुत्र,शिक्षक नगर दुर्ग निवासी संजय सिंह, ईश्वर सिंह राजपूत के भतीजे थे। शव के पहुंचने के बाद 11 जून को उनकी अंतिम यात्रा निवास से हरनाबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। घटना की खबर लगते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्व. विजय सिंह भारद्वाज के निधन पर शिक्षक नगर युवा विकास समिति, जवाहर नगर गृह निर्माण समिति, राजपूत समाज के पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया गया है। गौरतलब हो कि केदारनाथ दर्शन के लिए रूआबांधा का एक युवक भी निकला था। हादसे में उसकी जान चली गई।



## 11 माह से लापता युवती का सुराग नहीं



**भिलाई ।** ग्यारह माह से लापता युवती का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिजनों ने शिकायत एसएसपी से की है। नंदिनी रोड लक्ष्मी पारा जामुल के एक परिवार की 20 वर्षीय युवती लंबे समय से लापता है। सुराग नहीं मिलने से परिवार वालों की चिंता बढ़ती जा रही है। युवती के परिवार वाले लगातार पुलिस अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं और अपनी बेटी को जल्द बरामद करने की मांग कर रहे हैं। मामले को लेकर छत्तीसगढ़ मातृशक्ति संगठन ने दुर्ग एसएसपी कार्यालय पहुंचकर घटना के बारें में शिकायत किया है। पीड़ति परिवार को लापता युवती की जल्द बरामद करने की गुहार भी लगाई। मिली जानकारी के मुताबिक 14 जुलाई 2024 की शाम युवती अपनी सहेली के यहां जाने ऑटो में सवार होकर निकली थी। लेकिन सहेली के यहां नहीं पहुंची। जिसके बाद युवती के परिजनों ने उसी दिन जामुल थाने में लिखित शिकायत भी किया था। शिकायत करने दिलीप देशलहरा, अश्लेश मरावी, उमा सिंह, चंद्रकला तारम, ममता वर्मा, अन्नू,पार्षद चंद्रभान सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र परगनिया, राजेंद्र रजक पहुंचे थे।

## घासीदास नगर में डीआईसी की कार्रवाई पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

■ सांसद विजय बघेल के सहयोग से 100 से अधिक लोगों को राहत

घासीदास नगर एसीसी चौक क्षेत्र के 18 से अधिक परिवारों के लिए उस समय बड़ी राहत की खबर आई, जब जिला उद्योग केंद्र द्वारा की जा रही कार्यवाही को तत्काल प्रभाव से वर्षा ऋतु की समाप्ति तक रोक दिया गया। यह सफलता भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की भिलाई जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक के अथक और निरंतर प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने प्रारंभ से ही प्रभावित परिवारों की आवाज बनकर इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया। इस कार्यवाही के चलते लगभग 100 से अधिक लोग प्रभावित हो रहे थे और उन्हें वर्षा के इस कठिन मौसम में बेघर होने का भय सताने लगा था। पीड़ितों की तकलीफ को समझते हुए स्वीटी कौशिक ने प्रशासनिक स्तर पर लगातार प्रयास किए और समय पर एक सशक्त नेतृत्व की भूमिका निभाई। हालांकि, इस समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब दुर्ग सांसद विजय बघेल ने इस विषय में सक्रिय हस्तक्षेप किया। बघेल ने तत्काल संबंधित विभागों से संपर्क कर संवेदनशीलता के साथ मामला उठाया और सुनिश्चित किया कि वर्षा ऋतु के मद्देनज़र प्रभावित लोगों को राहत दी जाए। उनके सहयोग से कार्यवाही को रोकने का निर्णय लिया गया। इस पूरे प्रकरण में स्वीटी कौशिक की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही, जिन्होंने न केवल इस मामले को उठाया बल्कि सतत प्रयास करते हुए उसे सही दिशा दी। उनकी सजगता, जनसेवा के प्रति समर्पण और नेतृत्व कौशल के कारण ही यह राहत संभव हो सकी। प्रभावित परिवारों ने इस मानवीय पहल के लिए स्वीटी कौशिक के प्रति आभार व्यक्त किया है और साथ ही सांसद विजय बघेल को भी उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया है, जिनकी तत्परता से प्रशासन ने समय रहते जरूरी निर्णय लिया। यह उदाहरण इस बात का प्रमाण है कि जब ज़मीनी नेतृत्व और जनप्रतिनिधि मिलकर काम करते हैं, तो जनसरोकार के मुद्दों का समाधान संभव होता है। स्वीटी कौशिक की यह पहल जनसेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की एक प्रेरणास्पद मिसाल है।



### जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में बोर्ड में 85 प्रतिशत वाले विद्यार्थी होंगे सम्मानित

**भिलाई।** दुर्ग जिला देवांगन समाज की महत्वपूर्ण बैठक परमेश्वरी भवन, कैंप -2 बैकुंठ धाम भिलाई में की गई। इस दौरान प्रसिद्ध पंडवानी गायक झाडू राम देवांगन की पुण्यतिथि के अवसर पर 14 जून को 11 बजे से डॉ. भीमराव आंबेडकर भवन, बैकुंठ धाम, कैम्प -2, भिलाई में जिला स्तरीय सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में राज्य के उपमुख्यमंत्री अरूण साव, मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद विजय बघेल सहित सभी विधायक को आमंत्रित किया गया है। बैठक में तैयारी की समीक्षा की गई। समारोह में शिक्षा सत्र 2024-25 में दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले दुर्ग जिला के सभी समाज के विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा राज्य स्तरीय खेलकूद, कला संस्कृति एवं अन्य विधाओं में पुरस्कृत प्रतिभाओं का भी सम्मान किया जाएगा।

## ताईक्वांडो प्रतियोगिता में दुर्ग 14 स्वर्ण, 12 रजत, 23 कांस्य के साथ बना रनर अप

**भिलाई।** 20वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दुर्ग जिला के 74 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें 14 स्वर्ण पदक,12 रजत पदक, 23 कांस्य पदक सहित कुल 49 पदक जीत कर फस्ट रनर अप ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया।

7 से 9 जून तक छत्तीसगढ़ राज्य ताइक्वांडो संघ बिलासपुर द्वारा बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दुर्ग जिला के 74 बच्चों ने भाग लिया। जहां स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीत कर फस्ट रनर अप ट्राफी प्राप्त किया। दुर्ग जिला के बच्चे जिला ताइक्वांडो संघ दुर्ग के सचिव व राष्ट्रीय रेफरी राकेश पुरी गोस्वामी के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। राकेश गोस्वामी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। सबजूनियर और जूनियर के स्वर्ण पदक जीतने वाले बच्चे हरिद्वार और कैडेट और सीनियर के स्वर्ण पदक जीतने वाले बच्चे देहरादून में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। मुख्य रूप से कोच अनील कुमार देवांगन, चंद्रकुमार साहू, भुनेश्वरी ठाकुर, ज्योति वर्मा, ईशु यादव और धारा गोस्वामी जिनके द्वारा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को कोच का मार्गदर्शन मिला।

स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में कार्तिके पुरी गोस्वामी, ख्याती वर्मा, सूर्य पुरी गोस्वामी, आरवी गोयल, सागर बंजारे, काव्य देवांगन, जतिन नायक, सोनिया सोनी, विनय मेश्राम, तनमय साहू, प्रयास यदु, रूही देशमुख रहे। रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में अरुणभ कुमार, सुहाना गारुडीक, कुशमिता साहू, दिव्यांश देवांगन, सांची चौहान रहे। कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में आरव वर्मा, हर्षित शर्मा, शिवाय साहू, श्रेयश शर्मा, भाव्या देशमुख, श्रेयशी गारूडीक, वैष्णवी शर्मा, ए ओमिशा राव, हर्ष कुमार शिववंशी, तुष्य देवांगन, ओमय जांघेल, वैभव साहू, श्रेया दास, रेयांशी देवांगन, दिव्यांश जांघेल, रिद्धि डहरिया, शुक्लंबर यादव, नव्य साहू, सोविंद ताम्रकार, जिया साहू रहे। सभी खिलाड़ियों को दुर्ग सांसद विजय बघेल, धनसिंह चंद्राकर, जितेंद्र साहू ने सभी के उज्वल भविष्य की कामना की है।



## पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण मित्रों की गुहार

# सूखा व गीला कचरा अलग करने से होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग द्वारा पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम कर लोगों को जागरुक किया गया। शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में कचरा प्रबंधन करने के साथ सफाई कर्मियों के योगदान को सराहा और लोगों से स्वच्छ पर्यावरण के लिए सफाई मित्रों को मदद करने का भी आह्वान किया गया। टाउनशिप बीएसपी टाउनशिप में पर्यावरण मित्र के रुप में सफाई मजदूर रोज अपने सफाई कार्य से पर्यावरण को स्वच्छ रखने में योगदान दे रहे हैं। सर पर टोपी, कंधे पर झोला और सीटी बजाते हु घर घर दस्तक देने वाले यह सफाई कर्मियों ने भी टाउनशिप को स्वच्छ व सुंदर बनाने के संकल्प के साथ आमजनों से भी इस मामले में जागरुक रहने की गुहार की है।

सुपरवाइजर सुनीता बताती हैं कि हम रहवासियों को बार-बार समझाते हैं कि गीला और सूखा कचरा अलग किया जाए, लेकिन बहुत कम लोग इस पर ध्यान देते हैं। कई बार लोग दरवाज़े पर कचरा देने की बजाय उसे बाद में सड़क पर ही फेंक देते हैं। लोगों के जागरुकता से हमारा उत्साह बढ़ेगा। मालती कुर्रे बताती हैं कि हम आपके, समाज और पर्यावरण के लिए काम करते हैं। पर कुछ लोग हमसे बात करना भी ज़रूरी नहीं समझते हैं।

बीएसपी का नगर सेवाएं विभाग न केवल कचरा प्रबंधन, बल्कि रीसाइक्लिंग और कंपोस्टिंग की योजनाओं को भी क्रियान्वित कर रहा है। गीले कचरे से खाद बनाकर संयंत्र के बगीचों में उपयोग किया जाता है। सूखे कचरे के लिए अलग योजना है, जिसमें उसे इकट्ठा करने वाले सफाईकर्मियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि मिल जाती है।



## जामुल नपा अध्यक्ष निकले सफाई व्यवस्था का जायजा लेने



**भिलाई।** बारिश से पूर्व नगर पालिका परिषद जामुल अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया है। इस दौरान वार्ड 2 में चल रहे नाली निर्माण के विकास कार्यो का भी निरीक्षण किया है। उन्होंने आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना है। वार्ड 1 में पानी टंकी को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा मांग किया है। इसे गंभीरता से लेते हुए टंकी में बोर डालने का निर्देश दिया है।

नपा अध्यक्ष अपने निधि से वार्ड में पानी टंकी की व्यवस्था करने को कहा है। सफाई व्यवस्था में नपा अध्यक्ष संतुष्ट हुए। इसके अलावा बारिश से पूर्व पालिका क्षेत्र के बड़े नालों की सफाई करने को कहा है। आने वाले बारिश में क्षेत्र में जल भराव की स्थिति निर्मित न हो। सुपरवाइजरों को निर्देश दिया गया है कि सफाई व्यवस्था की ओर ध्यान देवे। निरीक्षण में पार्षद खम्हन ठाकुर, संजय शर्मा, आनंद साहू, दिलीप गुता गुप्ता, सफाई प्रभारी बसीर खान, रमेश मारकंडेय, पेयजल प्रभारी दयालूराम जंघेल मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

### ग्रामीण क्षेत्र के युवक युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण

**दुर्ग।** बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित संस्थान है जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। आरसेटी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आत्म उत्पादकता, सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान किया जाता है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु संस्थान द्वारा दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय, भोजन व्यवस्था के साथ प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार 12 जून से कम्प्यूटर हार्डवेयर नेटवर्किंग 45 दिन, 18 जून से मोबाईल रिपेयरिंग 30 दिन तथा 23 जून से फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी 31 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### प्लेसमेंट कैम्प 13 को

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक में 13 जून को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट केम्प में एमएस पलक ट्रेडिंग के कुल 49 रिक्त पदों हेतु भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी। जिसमें सोलर सिस्टम इंटीजिरेटर के 20 पद, मैकेनिकल इंजीनियर के 2 पद, सोलर सिस्टम इंस्टॉलेशन के 15 पद, हेल्पर के 10 पद तथा ऑटोकैड सॉफ्टवेयर ऑपरेटर के 2 पद हैं। आईटीआई, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, बीटेक, डिप्लोमा मैकेनिक, 10वीं, 12वीं एवं कोई भी स्नातक शैक्षणिक योग्यताधारी प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकतें है।

### सहायक कलेक्टर को सौंपा गया स्वतंत्र प्रभार

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिले में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी श्री पठारे अभिजीत बबन भाप्रसे सहायक कलेक्टर दुर्ग को जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु सीईओ जनपद पंचायत पाटन का स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। कार्यालय कलेक्टर दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार सहायक कलेक्टर श्री पठारे अभिजीत बबन भाप्रसे को 9 जून से 9 जुलाई तक चार सप्ताह की अवधि के लिए सीईओ जनपद पंचायत पाटन के साथ प्रशिक्षण अभ्यास हेतु संलग्न किया गया है। प्रशिक्षण अवधि में जागेन्द्र साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### शिविर में 55 बच्चों ने लिया प्रशिक्षण

दुर्ग। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एथलेटिक्स एवं खो-खो खेल का प्रशिक्षण दिया गया। पीटीआई बालकदास डहरे, बीआर साहू अंतर्राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स खिलाड़ी एवं कमलेश्वरी ने शिविर में खिलाड़ी बच्चों को प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण शिविर में खेलगांव खम्हरिया के अलावा पुरई, हनोदा, धनोरा, बोरसी के कुल 55 बालक बालिका खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

# एक पेड़ मां के नाम में जुटे अफसर और नेता, दूसरे दिन उखाड़ ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग। बोरसी वार्ड में विगत दिनों पर्यावरण दिवस के दिन काफी तामझाम के साथ पौधे रोपे गए थे। प्रगति मैदान में पूर्व सांसद सरोज पांडेय से लेकर विधायक गजेन्द्र यादव सहित कई बडे नेताओं ने अपनों हाथो से पौधा रोपा था। लेकिन दूसरे ही दिन पौधे को इसलिए उखाडकर ले गए कि, यहां फैसिंग कार्य पूरा नही हुआ है।

सवाल यह है कि, अगर फैसिंग कार्य पूरा नही हुआ था तो अभियान चलाकर सिर्फ फोटो खिंचाने की मकसद रह होगी। पौधे लगाने के बाद इसे उखाड दिए जाने से बोरसी वार्ड के लोगों में भी जमकर नाराजगी सामने आई है। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिले ने कहा है कि, पौधे लगाना फिर उसे उखाडना यह कहां कि संवेदनशीलता है। उन्होने कहा मुझे भी पौधे उखाडे जाने की जानकारी मिली है। उन्होने कहा इस मामले में निगम प्रशासन की उच्च अधिकारियों से शिकायत की जाएगी।

**बोरसी वार्ड के लोगों में दिख रहा आक्रोश, कांग्रेस ने कहा कार्रवाई हो**


पहले


अब

**जानकारी मिली**

बोरसी के प्रगति मैदान में पौधे रोपने के बाद उसे उखाडने की जानकारी मिली है। यह कृत्य ठीक नही है। ऐसे कर्मचारियों पर कडी कार्यवाही की मांग करेंगे।
-**संजय कोहिले,** नेता प्रतिपक्ष

**फैंसिंग के बाद लगाएंगे**

प्रगति मैदान में फैसिंग नही होने के कारण पौधे निकाले गए है। फैसिंग के बाद ऐसे पौधों को फिर से लगाया जाएगा। वैसे वही पर डेढ सौ से अधिक पौधे भी लगाए है।
**काशीराम कोसरे,**
प्रभारी पर्यावरण विभाग दुर्ग

## आक्रोश : महिलाओं ने कहा आधा दर्जन गांव के बच्चे बघेरा स्कूल में पढ़ते है

# शराब भट्ठी खोलने के विरोध में सैकड़ों महिलाएं सड़क पर उतरीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वार्ड क्र. 56 बघेरा में शराब भट्टी के विरोध में सैकडों महिलाएं व बडी संख्या में वार्डवासी कलेक्टोरेट पहुंचे थे। रैली निकालकर वे सभी कलेक्टर परिसर में प्रवेश करने वाले थे कि, पुलिस जवानों ने उन्हें बेरीगेट्स लगाकर रोक दिया। जहां महिलाओं का गुस्सा और भडक उठा। इस दौरान जिला प्रशासन और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के खिलाफ वार्डवासियों ने जमकर नारेबाजी की है। उन्होने साफतौर पर कहा है कि, अगर बघेरा में शराब दुकान खोला गया तो बडा आंदोलन किया जाएगा।

बघेरा वार्ड में शराब भट्टी खुलने को लेकर ब्रम्हाकुमारी बहनों ने भी विधायक गजेन्द्र यादव को ज्ञापन सौंपकर इसका विरोध किया था। मंगलवार को आधा दर्जन गांव जिसमें मोहलाई, कोटनी, पिपरछेड़ी एवं नगपुरा महिला और पुरूष वर्ग ने शराब भट्टी खुलने का पुरजोर विरोध किया। बघेरा के लोगों ने कहा कि, ब्रम्हकुमारी द्वारा संचालित आध्यात्मिक आनंद सरोवर में महिलाओं, बच्चों व बुजूर्गो की आवाजाही होते रहती हैं। यहां आनंद सरोवर भी स्थापित हैं, ऐसे में यहां का माहौल भी खराब हो जाएगा। बघेरा की अधिकांश कृषि भूमि रेल्वे पटरी पार होने से अकेली महिलाओं का खेतों में आना-जाना एवं काम करना असुरक्षित हो जाएगा। वार्ड पार्षद ललित ढीमर ने कहा पूर्व में यहां अर्जुन ढाबा के पास एक खेतीहार महिला की हत्या हो चुकी है व रात में लुटपात की घटना यहां आम हो चुकी है।

**वार्डवासियों ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, की जमकर नारेबाजी**



### कहा- बच्चे शराब भट्टी से होकर जाएंगे क्या स्कूल?

बघेरा शास. स्कूल का नाम दुर्ग जिला में अग्रणी हैं। बघेरा स्कूल में नयापारा, मोहलाई, कोटनी, पिपरछेड़ी, नगपुरा के बच्चें यहां पढाई करने आते है। अगर यहां भट्टी खोलेगें तो क्या बच्चे शराब दुकान को पार करके स्कूल जाएंगे, इसकी चिंता पालको को सता रही है। वहीं बगदई मंदिर भी है। पास में इंडियन किड्स स्कूल में गयानगर, राजीव नगर, शंकर नगर, बैगापारा, मठपारा आदि स्थानों से बच्चें स्कूल पहुंचते है।

### डेढ़ किमी के दायरे में आधा दर्जन शराब दुकानें

बघेरा वार्डवासियों ने बताया कि, पहले ही बघेरा से डेढ किमी के दायरे में आधा दर्जन शराब भट्टी स्थापित किए गए है। बघेरा से लगा नेशनल हाइवे मुंबई-कोलकत्ता बाईपास दुर्घटना जनित क्षेत्र है। यहां पहले ही नयापारा 1.5 कि.मी. दूरी पर, गंजपारा 1.8 कि.मी. दूरी पर, उरला 1.4 कि.मी. दूरी पर, टोलप्लाजा लेप्ट साइड 1.8 कि.मी. दूरी पर, टोलप्लाजा राइड साइड-1.8 कि.मी. दूरी और रेल्वे स्टेशन ग्रीन चौक 1.8 कि.मी. दूरी पर शराब दुकाने है। इसके बाद भी इसी इलाको में भट्टी खोलने से माहौल बेहद खराब हो जाएगा।

### विधायक गजेन्द्र ने कहा नहीं खुलेगी दुकान

विधायक गजेन्द्र ने कहा है कि, आबकारी विभाग के अधिकारी को शराब दुकान नहीं खोलने निर्देश दिए है। इससे पहले भी क्षेत्र के नागरिकों ने विधायक गजेन्द्र यादव से मिलकर दुकान नहीं खोलने आग्रह किया था। विधायक ने कहा बघेरा के नागरिकों ने बताया की कोटनी, नगपुरा, पीपरछेड़ी, गनीयारी भेंडसर जलबांधा क्षेत्र के लगभग 35 गांव को जोड़ने वाला यह प्रमुख मार्ग है। इसी स्थान पर स्कूल है और लोगों के आस्था से जुड़ा मंदिर भी है।

**पूर्व विधायक ने भी दिया समर्थन**

पूर्व विधायक अरूण वोरा ने कहा शराब दुकान के विरोध में दुर्ग के पूरे 10 वार्डों के स्थानीय रहवासी लामबंद हो गए हैं। वही पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल और नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिले भी थे। विरोध स्वरूप ग्रामीण सुबह से ही बघेरा में एकत्रित हुए और इस मुद्दे को लेकर प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुँचे, जहाँ उन्होंने जोरदार विरोध दर्ज कराया। कहा इस क्षेत्र में शराब दुकान खुलने से सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरण पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा भाजपा शिक्षा के मंदिर स्कूलों को बंद कर एक साल में 70 से अधिक नई शराब भट्टियाँ खोली हैं। ये कैसा 'सुशासन' है? यह सरकार प्रदेश को किस दिशा में ले जा रही है।



# अनुकंपा नियुक्ति मामले में आयुक्त ने दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राज्य शासन द्वारा अनुकंपा नियुक्ति मामले में कर्मचारियों की जानकारी मांगे जाने के बाद इधर आयुक्त ने सभी को नोटिस जारी कर दिया है। आयुक्त ने कहा है कि मामले में जांच कर कार्यवाही की जाएगी। ऐसी आशंका है कि, इन तीन कर्मचारियों के आलावा भी पूर्व में शिकायतों की जांच की जा सकती है।

- आयुक्त के नोटिस के बाद मची खलबली

जानकारी अनुसार राज्य शासन ने रमेश कुमार शर्मा की सहायक अधीक्षक से सहायक लेखाधिकारी के पद पर की गई पदोन्नति नियमों के विपरीत होना पत्र में उल्लेख किया है। हांलाकि वे वर्तमान में सेवानिवृत्त हो चुके है। वहीं राज्य शासन के आदेश में नम्रता रक्सेल भृत्य एवं प्रीति उज्जैनवार, सहायक राजस्व निरीक्षक को निकाय द्वारा दी गई नियुक्ति नियमों के विपरीत होना बताया गया है। इन तीनों प्रकरण को लेकर आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने कहा हैं कि, नोटिस जारी कर दी गई है। कार्यवाही जारी है, जल्द ही रिपोर्ट भी तैयार कर ली जाएगी। शासन ने तीनों कर्मचारियों के मामले में क्या कार्यवाही की गई है। इसकी जानकारी उन्होने 24 अप्रैल 2025 को जारी की है। वही इसी मामले में इससे पहले छग लोक आयोग द्वारा नगरीय प्रशासन विभाग एवं विकास विभाग को बीस मार्च 2025 को पत्र जारी किया गया था।




### राज्य शासन के संज्ञान में गड़बड़ी

नगरनिगम दुर्ग में अनुकंपा भर्ती के नाम पर किए गए मनमानी की शिकायत राज्य शासन के नगरीय निकाय विभाग तक पहुंच गई है। इस मामले में नगरीय प्रशासन विभाग को छग लोक आयोग ने पहले ही जानकारी मांगी थी। इस अनुकंपा भर्ती में निगम के कर्मचारियों की भी मिलीभगत होने की बात सामने आ रही है। बहरहाल आयुक्त ने कहा है मामले में नोटिस जारी कर दिया गया है।

## 26 जून तक कर सकेंगे आवेदन

**दुर्ग।** छ.ग. शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्षनुसार खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किये जाने हेतु शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार एवं शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्राफी हेतु अनुशंसाएँ आमंत्रित की जा रही हैं, इसके साथ-साथ वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों, को नगद राशि पुरस्कार एवं खेलवृति हेतु भी अनुशंसाएँ आमंत्रित की जा रही हैं। पुरस्कारों के आवेदन पत्रों का प्रारूप संचालनालय के विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। जिला कार्यालय, संचालनालय में (कार्यालयीन समय में) सभी आवेदन पत्र 26 जून 2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्य जानकारी के लिए आवेदक जिला कार्यालय, संचालनालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

# पीएम आवास के लिए फोन काल और वाट्सअप के जरिए भेज रहे सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

रिक्त आवासो के लिए 50 आवेदको को फार्च्यून हाईट्स में प्रतीक्षारत सूची के हितग्राहियो को फ़ोन कॉल एवं व्हाट्सप्प के माध्यम से नगरनिगम हितग्राहियों को सूचित कर रही हैं। पात्र 50 हितग्राहियो की सूची डाटा सेंटर में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यालय में चस्पा किया गया था। प्रतीक्षारत हितग्राहियो को सूचित किया गया था कि, वे डाटा सेंटर में संपर्क कर प्रतीक्षारत इच्छुक हितग्राही तीन दिवस के भीतर हितग्राही अंशदान राशि जमा करनें हेतु निर्देशित किया गया था। अतः 3 दिवस की अवधि समाप्त हो चुकी है, ऐसी स्थिति में फार्च्यून हाईट्स के प्रतीक्षारत सूची के हितग्राहियो के द्वारा राशि जमा नहीं किया गया। अतः अवधी समाप्ति पश्चात नये आवेदको को मौका दिया जाएगा। फॉर्म के साथ 3 दिवस के भीतर सम्पूर्ण राशि जमा करने वालो को ही आवास आबंटन किया जाएगा।

- निरस्त किये गए 2 आवास, फिर से फॉर्म भरा करेगें आबंटन



### नवोदय में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में सत्र 2026 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई है। ऑनलाइन आवेदन के संबंध में नवोदय विद्यालय समिति, भोपाल के मेल के माध्यम से जवाहर नवोदय विद्यालय दुर्ग के अंतर्गत धमधा, दुर्ग एवं पाटन विकासखंड में आने वाले शासकीय एवं मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को जिले के सभी ब्लॉकों में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

# परीक्षा ब्रीफिंग : साइंस कॉलेज में 250 अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

व्यापमं द्वारा 15 जून को आयोजित होने वाली सहायक विस्तार अधिकारी परीक्षा दुर्ग में 70 परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, समन्वयक केन्द्र तथा नोडल अधिकारी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक की ब्रीफिग में 250 से अधिक अधिकारियों ने प्रशिक्षण लिया। इस परीक्षा में दुर्ग-भिलाई में कुल 26045 परीक्षार्थी शामिल होंगे। समन्वयक केन्द्र के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु व्यापमं के निर्देशानुसार परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, समन्वयक केन्द्र तथा नोडल अधिकारी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक की ब्रीफिंग दो बार अर्थात 6 एवं 13 जून को साइंस कॉलेज दुर्ग के राधाकृष्णन हॉल तथा टैगोर हॉल में आयोजित किया जाना है इसी के परिपालन में प्रथम ब्रीफिंग 4 पृथक-पृथक सत्रों में आयोजित की गई। ब्रीफिंग देने वाले मास्टर ट्रेनर डॉ. संजय दास एवं डॉ. विकास पंचाक्षरी ने परीक्षा से संबंधित प्रत्येक बिन्दु की विस्तार से जानकारी दी । इनके अलावा सहायक समन्वयक डॉ. एके खान, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव एवं नोडल हितेश पिस्दा, होमनलाल भोसले ने भी महत्वपूर्ण बिन्दु की जानकारी दी।



# शिक्षक सहित पुलिस जवान के खिलाफ बैठेगी जांच टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य श्रीमती ओजस्वी मंडावी ने आज दुर्ग जिले में महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की जनसुनवाई की। बालगृह परिसर, पांच बिल्डिंग, महिला एवं बाल विकास कार्यालय में आयोजित इस जनसुनवाई में कुल 30 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। यह राज्य स्तरीय 322वीं एवं दुर्ग जिले की 12वीं जनसुनवाई रही।

सुनवाई के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें एक मामला सीआरपीएफ में पदस्थ आरक्षक से जुड़ा था, जिसके विरुद्ध गंभीर आरोप सामने आए। आरोप है कि अनावेदक ने अपनी पत्नी को गर्भावस्था के दौरान घर से निकाल दिया और बच्चे के जन्म के बाद भी न तो पत्नी से मिलने गया और न ही नवजात को देखने आया। साथ ही, महिला और उसके परिवार के सभी सदस्यों के मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिए। महिला आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अगली सुनवाई 25 जून को दंतेवाड़ा कैंप में तय की है और इसके पश्चात यह प्रकरण रायपुर कार्यालय में स्थानांतरित किया जाएगा। एक मामले में स्कूल शिक्षक द्वारा महीने में केवल एक बार उपस्थिति दर्ज कराने आता था और म्यूजिक टीचर के रूप में बाहर काम करता था। कार्य में लापरवाही के आरोप में जांच के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही स्कूल में अपनी पत्नी को लेकर आता था। आरोपी शिक्षक का पक्ष दर्ज किया गया और दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर अगली सुनवाई रायपुर में तय की गई है। कई प्रकरणों में आपसी सुलह के बाद आवेदिकाओं द्वारा शिकायतें वापस ली गईं और उन्हें नस्तीबद्ध कर दिया गया। अन्य प्रकरण में आवेदिका का प्रकरण जमीन पर कब्जे का विवाद था।



### बहू की फर्जी शिकायत किया निरस्त

एक अन्य मामले में वृद्ध सास-ससुर (उम्र 87 और 80 वर्ष) के खिलाफ उनकी बहू द्वारा लगातार झूठे आरोप लगाकर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की शिकायत पर आयोग ने गंभीर टिप्पणी की। जांच में पाया गया कि, बहू संपत्ति के लिए परेशान कर रही है और पहले भी माननीय उच्च न्यायालय से मामला हार चुकी है। इस पर आयोग ने प्रकरण को निराधार मानते हुए नस्तीबद्ध कर दिया।

# कबीर दोहे पालन करने से मिलती है आत्मिक शांति

**भिलाई।** सद्गुरु कबीर पूर्णिमा समिति भिलाई दवरा रिसाली में आयोजित कबीर प्राकट्य महोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर कबीर पंथी समाज सहित आसपास के लोग शामिल हुए। इस दौरान विधिवत कबीर साहेब की पूजा अर्चना कर चौका आरती की गई। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए और उन्होंने कबीर साहेब को प्रणाम कर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और सत्संग लाभ प्राप्त किया। इस दौरान ललित चंद्राकर ने कहा कि संत कबीर की अमृतवाणी का पालन हमें आध्यामिक सुख की अनुभूति प्रदान करता है। विश्व में अनेकों संत का अवतरण हुआ है, जिसमें से एक महान विचारक संतो में से एक थे संत कबीर। उनके बताए हुए मार्गों में चलने वाले कबीरपंथी कहलाए। लेकिन आज कलयुग की चकाचौंध दुनिया में कबीर पंथ कभी रहा था इस तारतम्य में चलने लगे है। युवाओं को सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। सत्य की राह, मांस, मदिरापान से दूर सात्विकता को धारण करते हुए भविष्य को उज्जवल बनाने का सुअवसर हमारे समाज के पास है। उन्होंने कबीर साहेब की वाणी को अपने जीवन में आत्मसात कर मानव कल्याण के लिए काम करने की बातें कबीर दोहे के साथ कही।

**पेज 11 के शेष**

### क्या है पूरा ...

लिप्त पाए जाएंगे। दल्लीराजहरा शहर सहित क्षेत्र के शिक्षा विभाग में हलचल मचा दिया गया है चर्चा का विषय बना हुआ है और कितने लोगों के ऊपर गाज गिरेगी यह आने वाले समय पर पता चलेगा।

### दो बाइक की टक्कर ...

झलमला की ओर जा रही बाईक चालक ने सामने से ठोकर मार दी। घटना के बाद घायलो को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया। बालोद थाना मे बाईक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप

### म्यूल खाते के नाम पर धोखाधड़ी, गिरफ्तार

**भिलाई।** म्यूल खाते का उपयोग कर ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 317(2), 318(4),61(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने पूर्व में आरोपी प्रशांत विश्वकर्मा, मोंटू कुमार को पकड़कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है। आरोपी प्रशांत, गोलू देवांगन, मोन्टू कुमार द्वारा राम साव को अपना खाता ठगी की रकम प्राप्त करने के लिए संचालित करता था। पुलिस जांच में आरोपियों से सिम का परीक्षण करने पर उरला दुर्ग निवासी वीरेंद्र देवांगन उर्फ गोलू को गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### कचरा फेंकने वाले दो दुकानदारों पर कार्रवाई

**भिलाई।** घरों में साज-सज्जा का काम करने वाले व्यापारी से नगर पालिक निगम रिसाली ने जुर्माना वसूला है। दरअसल दो व्यापारी सड़क किनारे दुकान से निकलने वाले कचरा को फेंक गंदगी फैला रहे थे। निगम कर्मचारी दोनों दुकानदार को पूर्व में भी चेतावनी दी थी। कृष्णा टॉकिज रोड पर सुबह और देर रात सफाई कराने के बाद नहर के आस-पास हर रोज गंदगी फैलाने वाले के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की गई। पहले निगम ने कचरा के किस्म की पहचान की। इसके बाद संबंधित दुकान की तलाश की। जन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेन्द्र परिहार ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में ही बालाजी प्लाई-हार्डवेयर, फोम के संचालक ने कचरा फेंकना स्वीकार किया। दोनो व्यापारियों से 2000-2000 जुर्माना वसूला गया।

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात पार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** मकान में ताला जड़कर दिल्ली गई महिला के मकान से सोना चांदी के जेवरात अज्ञात ने पार कर दिया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 305 (ए) के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मांझी चौक खुर्सीपार निवासी तारा बाई देवांगन 31 दिसंबर 2024 से ग्रेटर नोएडा दिल्ली बेटा नेमीचंद देवांगन के पास रहने चली गई। मकान में साफ सफाई के लिए बेटी कामिनी देवांगन खुर्सीपार निवासी को दिया था। मकान की चाबी को कामिनी की मौसी पुष्पा देवांगन के पास रहता था। 31 मई को मौसी मकान की सफाई कर घर लौट गई। दूसरे दिन मकान में पहुंची तो मकान के बाहर का ताला बंद था। भीतर प्रवेश करने पर तीन कमरे का ताला टूटा पड़ा मिला। दुकान रूम का आलमारी का लॉकर भी टूटा था।

### बारातियों से विवाद युवकों ने किया हमला

**भिलाई।** बारातियों के साथ हुए विवाद का रंजिश रखते हुए युवकों ने किया हमला। घटना की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 115(ए), 296, 3(5), 351 (2 के तहत जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि वार्ड 14 बानबरद निवासी लिलेश यादव ने शिकायत किया है कि दो माह पूर्व बडे भाई, छोटी बहन की शादी का कार्यक्रम घर में था। बहन की बारात घर आई थी, बरातियों के साथ देवा यादव विवाद करने लगा।

घरों में शौचालय के लिए सब्सिडी देने के साथ-साथ ही सामुदायिक शौचालय पंचायतों में बनाये गये थे

# लाखों की लागत से निर्मित बिरेझर ग्राम पंचायत का सार्वजनिक शौचालय जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों को करीब पांच साल पहले खुले में शौच से मुक्त यानी ओडीएफ घोषित कर लिया गया था। घरों में शौचालय के लिए सब्सिडी देने के साथ-साथ ही सामुदायिक तौर पर लोगों को शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पंचायतों में सामुदायिक शौचालय भी बनाये गये थे।

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिरेझर गांव का मामला है जो सार्वजनिक शौचालय पुरा जर्जर हो चुके हैं। इस ओर सरपंच , जनप्रतिनिधि को कोई ध्यान नहीं है। अब कोई इसे देखने वाला नहीं है। बिरेझर गांव सहित अन्य गांव में बना सामुदायिक शौचालय बिना उपयोग के अनुपयोगी हो गए तो कई शौचालय सुविधा के अभाव में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है. कहीं गेट व सीट टूटा है तो कहीं सीट में कचरा भर गया है. ग्रामीण के अनुसार शौचालय के उद्घाटन के बाद सामुदायिक शौचालय








बनाने में दो से ढाई लाख तक खर्च आया होगा लेकिन इस तरह के पंचायत में करीब दर्जन भर शौचालय बने हैं, इनमें अधिकांश शौचालय अनुपयोगी हो गये हैं. लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा. जिनके ऊपर देखरेख की जिम्मेदारी मिली वह तो भूल ही गये. साथ ही जिन लोगों के लिए शौचालय बनाये गये थे, वह भी झांकने तक नहीं जाते और अच्छी तरह से देखरेख भी नही करते हैं जिसकी वजह से प्रखंड क्षेत्र के कई सार्वजनिक शौचालय देखरेख के अभाव में जर्जर होता चला जा रहा है. क्या कहते हैं अधिकारी सामुदायिक शौचालय स्वच्छता विभाग से बनायी गयी है, फिर भी दिखवाते हैं. अगर पंचायती राज में मरम्मति का कोई प्रावधान होगा तो षस्टम वित्त आयोग से जर्जर शौचालयों की मरम्मत की जायेगी।



## बालिका शिक्षा प्रोत्साहन पर हुई कार्यशाला में पेन-कापी बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/गुण्डरदेही

बालिका शिक्षा प्रोत्साहन जन भागीदारी से कार्यशाला का आयोजन सामुदायिक भवन गुण्डरदेही में किया गया।

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया, शासन प्रशासन इस क्षेत्र में बहुत ही अच्छा प्रयास कर रही हैं, पर इसमें जनता की इस वर्ष दस हजार बालिकाओं को जनभागीदारी से कापी, पेन, कंपास, स्कूल बैग, पहाड़ा पुरस्कार स्वरूप प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है, कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि नगर पंचायत गुण्डरदेही अध्यक्ष प्रमोद जैन थे। प्रमोद जैन ने कहा लोग तो पैसा लेकर काम करते लेकिन महिला कमांडो 2006 से लगातार बिना किसी सेवार्थ के काम कर रही है, महिला कमांडो शासन प्रशासन व समाज के सभी जनहित के कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं, इसके कार्यों को और गति प्रदान करने हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के विभिन्न ग्रामों से आई स्कूल छात्रें को अपनी ओर से कापी, पेन वितरण किया।

समिति की अध्यक्ष शमशाद बेगम ने कहा बालिका शिक्षा कार्यक्रम को जनभागीदारी से महिला कमांडो आगे बढ़ा रही है, अब तक नौ हजार छात्रओं को सहयोग किया जा चुका हैं, इस वर्ष दस हजार छात्रओं को सहयोग करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर बालोद जिले की लगभग 500 महिला कमांडो उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन व आभार रफीक खान ने किया।

## विधायक ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का लोकापर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक व पूर्व मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया ने अपने विधानसभा क्षेत्र के वनांचल ग्रामों में एक दिवसीय दौरा कार्यक्रम के तहत करोडों की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया, जिसमें अतिरिक्त प्राथमिक शाला एवं कला मंच बडेजुगेरा, अतिरिक्त कमरा खाद्यान्न वितरण भवन, सामुदायिक भवन ग्राम पंचायत लमती के आश्रित ग्राम करियाटोला ,ग्राम पंचायत कमकापार के आश्रित ग्राम कुरूटोला एवं कोलाटोला में सामुदायिक भवन का लोकार्पण शामिल है।

इस अवसर पर विधायक अनिला भेडिया ने कहा कि किसानों को अपने हित मे जागरुक होना चाहिए किसानो की समस्या बढ़ती जा रही है, किसानों की समस्या हो, स्वास्थ्य की समस्या हो, शिक्षा की समस्या हो,बढती बेरोजगारी, मनरेगा मे काम का अभाव भाजपा सरकार की विफलता को दर्शाता है, उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम, श्रीमती छबीला सिन्हा, गोविंद चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि,सरपंच बडेजुगेरा मोहित नायक, लमती सरपंच परमेश्वर खरे, सरपंच श्रीमती खेम पिस्दा, जनपद सदस्य देव राना, लक्ष्मण भंडारी, दिलीप कुमार बघेल, भूपेन्द्र साहू, झुमुक परसाई, जागेश्वर दर्रो, श्रीमती चमेली राणा,भूपेश नायक सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

## मिर्रिटोला भाजपा मंडल की संकल्प सभा 15 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



भाजपा मंडल पुरूर मिर्रिटोला में 15 जून को 11 बजे संकल्प सभा कार्यक्रम सह कार्यशाला एवं कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा, जिसमें जिले के वक्ता उपस्थित रहेंगे, प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देशभर में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी हेतु 10 जून को मंडल पदाधिकारी की पहली बैठक आयोजित की गई।

जिसमें 15 जून को कार्यक्रम के साथ 5 जून से 15 अगस्त तक के कार्यों पर चर्चा की गई। प्रत्येक ग्राम वार्ड शक्ति केंद्र और बूथ में मोदी जी के विकास कार्यों की सभा और विचार गोष्ठी के माध्यम से जनता को बताया जाएगा। इस बैठक में पूर्व विधायक भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रीतम साहू, मंडल अध्यक्ष टूकेश्वर पांडेय, कार्यक्रम संयोजक त्रिलोकी साहू, जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू, प्रहलाद साहू, उपाध्यक्ष सविता साहू, सुरेन्द्र तिवारी, उपाध्यक्ष होमशंकर साहू, महामंत्री राकेश सिन्हा, महामंत्री यदीप साहू, जनपद सदस्य हेमंत साहू, मंडल पदाधिकारी मंत्री ममता विजय गौतम, सरपंच प्रतिनिधि केजू साहू, द्वारका साहू, संजय साहू, मनोहर साहू, कुबेर सोनबेर, भावराम साहू, अजय साहू, बाबूलाल उपस्थित थे।

## प्रापर्टी विवादः अधेड़ की हत्या

**भिलाई।** प्रापर्टी विवाद के चलते अधेड की टंगिया मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। सूचना पर छावनी पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई है। मौके पर एसएसपी विजय अग्रवाल, एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी छावनी हरिश पाटिल, टीआई मोनिका पाण्डेय, फॉरेसिंक एक्सपर्ट डॉ मोहन पटेल पहुंचे थे। छावनी पुलिस के मुताबिक वार्ड 39 दलवीर भवन के पास सुभाष चौक निवासी महेन्द्र सिंह 53 वर्ष का उसके भाई राजेन्द्र सिंह के साथ प्रापर्टी को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। मंगलवार की रात को आपस में महेन्द्र और राजेन्द्र का विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर राजेन्द्र ने घर में रखे टंगिया से अपने ही बडे भाई महेन्द्र पर वार कर दिया। वार इतना घातक था कि महेन्द्र की मौके पर मौत हो गई। घटना के समय उसके बच्चे घर पर ही थे लेकिन उनके चिखने चिल्लाने पर राजेन्द्र ने उनको भी मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि छोटा भाई राजेन्द्र प्लांट में प्राइवेट काम करता है। राजेन्द्र प्रापर्टी बेचकर रुपए की मांग मृतक से कर रहा था लेकिन महेन्द्र कई दिनों से बेचने को लेकर टाल मटोल कर रहा था। आक्रोश में आकर राजेन्द्र ने अपने ही बड़े भाई पर टंगिया से हमला कर मौत के घाट उतार दिया।



## ट्रेन से कटकर दो युवकों की हुई मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

कुसुमकसा रेलवे स्टेशन से दल्लीराजहरा की ओर रेल पोल 749/7व 749/8 के बीच रेलवे ट्रैक में सोये पांच युवकों में दो युवाओं की मालगाड़ी से कट कर मौत हो गई ,वही दो युवक घायल हो गए ,घायल युवकों 108 की मदद से उचित उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया है उसमें से एक युवक सुरक्षित बच निकला , घटनास्थल पर मृतक का शव कटा हुआ पड़ा था व घायल युवक दर्द से छटपटा रहे थे ,उनका बैग ,कपड़ा बिखरा हुआ पड़ा था।

घटना स्थल से मृतक के साथी सूरज कुमार ने बताया की हम 11 युवक ग्राम लक्ष्मणपुर जिला धनबाद झारखंड से मजदूरी का काम करने लगभग 45 दिन पहले दल्लीराजहरा में आए थे व डायनासोर कम्पनी के द्वारा हितकसा डेम में कराए जा रहे वाटर ट्रीटमेंट सहित अन्य कार्य में कार्य कर रहे थे, ठेकेदार के सुपरवाइजर के द्वारा प्रति माह 18000 रूपये मजदूरी दिए जाने की बात कही थी किंतु मजदूरी भुगतान कम दिए जाने से हम लोगो ने कार्य नहीं किए जाने ब वापस गांव जाने की बात कहने पर ठेकेदार के आदमियों ने मारपीट की और काम से नहीं लौटने की धमकी दी। सोमवार को रात्रि लगभग 10 बजे हम 11 साथी अस्थाई निवास लाल मैदान दल्लीराजहरा से पैदल ही जंगल झाड़ी से होते हुए दल्ली राजहरा स्टेशन के आगे कुसुमकसा की और रेलवे ट्रैक से आगे रेलवे स्टेशन जाने निकले थे कि सुबह ट्रेन पकड़कर अपने गांव को रवाना हो जाएंगे। हमारे छह साथी हमसे आगे चल रहे थे ,थकान लगने पर हम पांच साथी उक्त जगह में पटरी पर सो गए तभी हादसे का शिकार हो गए।

## तालाब का सौंदर्यीकरण करके क्रांति सेना ने किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के युवाओं द्वारा ग्राम हीरापुर में तालाब सौंदर्यीकरण और पौधा रोपण किया गया। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के कुछ युवाओं ने कुछ साल पहले तालाब सौंदर्यीकरण और पौधा रोपण का बीड़ा उठाया था। जिसके तहत वे गांव के सार्वजनिक स्थानों पर पौधा रोपण करने लगे। इसे देखते हुए गांव के लोग भी उनसे जुड़ते चले गए। आज उनकी पूरी टीम है, जो हर बार मानसून आने के बाद पौधा रोपण मुहिम चलाती है। इसके बाद इन पौधा का पालन पोषण करके बड़ा भी किया जाता है, ताकि इसका फायदा मिल सके।

युवाओं ने कहा कि शुद्ध आक्सीजन और शुद्ध वातावरण मिले व पौधे बड़ा होकर फल फूल व हमे धूप से बचाए यही आशा के साथ ग्राम हीरापुर के खाली व खुले मैदान में अनेक प्रकार के पौधो का रोपण किया जा रहा है, जिसमे करण, जाम, बबुल, पीपल, बरगद व अनेक प्रकार के अन्य अलग अलग पौधे लगाए गए हैं। वही पौधे को सुरक्षित रखने के लिए समूह द्वारा बास का घेराव भी किया गया। इस दौरान गंगा निषाद, सुभाष साहू, धर्मेंद्र साहू, लीकेश्वर साहू, पीताम्बर साहू, खोमेश्वर साहू, लवण निषाद, होनिल साहू, केशव निषाद, खेमचंद साहू, नरेश निषाद, रोशन साहू सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

## संत कबीर जन्मोत्सव में विधायक हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

विधायक कुंवर सिंह निषाद ग्राम मटेवा योगनाला में कोसरिया मानिकपुरी (पनिका) समाज द्वारा आयोजित सदगुरु कबीर साहेब का 628 वां प्रकट उत्सव दिवस के आयोजन में शामिल हुए।

उन्होने संत कबीरदास की पूजा–अर्चना कर उनके दिखाए सद्मार्ग को स्मरण कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। विधायक ने कहा कि महान समाज सुधारक संत कबीर दास के दोहे व कथन पूरी मानवता के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत हैं। मैं कौन हूँ, कहाँ से आया हूँ व मेरा शुद्ध स्वरूप क्या है, इसे जानना ही कबीर के विचारों को जानना है, क्योंकि आज की इस भौतिक सुख सुविधाओं की चकाचौंध में इंसान इतना अंधा हो गया है कि भाई भाई को मरने मारने पर उतारू हो जाता है, ऐसा कई घरों में देखने को मिलता है। ऐसे समय में कबीर का जीव मात्र के प्रति प्रेम व विचार आज भी प्रासंगिक है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। धमधा पुलिस ने बताया कि ताम्रकार फर्टिलाजर के सामने धमधा बेमेतरा रोड पर ट्रक सीजी 07 सी 7923 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दिनेश कुमार यादव को चपेट में लिया। जिसे गंभीर रुप से चोट आई थी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस को ग्राम रूसे थाना परपोड़ी जिला बेमेतरा निवासी राम कुमार यादव ने बताया कि छोटा भाई दिनेश कुमार यादव रोजी मजदूरी काम करता हैं। 5 जून को मौसी मंगतीन के यहां नागपुर घुमने जाने के लिए निकला था। 9 जून सुबह दिनेश कुमार यादव के मोबाईल नंबर से फोन आया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

सामुदायिक भवन में निःशुल्क स्वास्थ चिकित्सा शिविर का आयोजन

## शिविर में 31 ने किया रक्तदान व 103 लोगों का हुआ उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

जनपद सदस्य एवं सभापति गुलशन साहू ने अपने जन्मदिन पर सामुदायिक भवन गुण्डरदेही में निःशुल्क स्वास्थ चिकित्सा शिविर व रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया था। जहां आंखों की चेकअप व आशीर्वाद ब्लड बैंक द्वारा 31 लोगों ने रक्त दान किया एवं 103 लोगो ने स्वास्थ परीक्षण करवाया।

राम कृष्ण केयर अस्पताल रायपुर, एमजीएम आई हॉस्पिटल रायपुर, मल्टीस्पेसिटी हॉस्पिटल और एक्सपर्ट डाक्टरों की टीम द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ का जांच किया गया। सभापति गुलशन साहू ने स्वयं रक्त दान किया, साथ ही स्वेच्छा से 30 अन्य लोगों ने भी रक्त दान किया। इस अवसर पर




भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, पूर्व जिला अध्यक्ष लेखराम साहू, मण्डल अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय, जनपद अध्यक्ष पुरूषोतम चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष नीतिश यादव, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, शमशाद बेगम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, महामंत्री विनोद चंद्राकर, हेमन्त साहू, थानसिंह मंडावी, विकास जैन, कोषाध्यक्ष कमलेश पाण्डे, छगन सोनकर, जनपद सदस्य, कौशल किशोर साहू, हेमलता देशलहरा, देविका बंजारे, संध्या मनोज खरे, किरण तारम, ममता सेन, टिकेश्वरी साहू, हीना देशमुख, सरपंच महेन्द्र साहू, सती साहू, नुज बाई देशमुख, महेन्द्र सोनकर, युवा मोर्चा अध्यक्ष देवेंद्र साहू, स्वीपनिल शर्मा, पंकज साहू, छत्रपाल देशमुख, आदित्य पाण्डे, मनोज साहू, भुवन लाल साहू, सुरेन्द्र हिरवानी, रविकांत साहू, हेमंत मार्कण्डेय, लोकेश पवार, दिलेंद्र साहू, श्रवण जोशी, केके साहू, देवेन्द्र साहू, छमन साहू, प्रीति साहू, जया साहू, तारामति साहू, चंद्रिका साहू, रविकांत साहू, मंथीर साहू, भुषण साहू, अविनाश सिंह, युमल ठाकुर, लोकेश निर्मलकर सहित जनपद क्षेत्र के ग्रामीण जन के आलावा रायपुर से आए डाक्टर व अन्य उपस्थित थे।

